रविवार

21 मई, 2023

डिजिटल संस्करण

# केशव टाइम्स

आपकी आवाज



रात में खाना खाकर टहलने निकले दलित युवक की सिर पर वार कर हत्या 3



# राहुल गांधी का एलान... पहली कैबिनेट में ही पूरे होंगे पांच चुनावी वादे

- सिद्धारमैया ने ली कर्नाटक के मुख्यमंत्री पद की शपथ
- डी के शिवकुमार डिप्टी सीएम बनाए गए

**एजेंसी/बेंगलुरु**

कर्नाटक में शनिवार को सिद्धारमैया ने मुख्यमंत्री पद की शपथ ली। डी के शिवकुमार डिप्टी सीएम बनाए गए। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे के बेटे समेत 8 मंत्रियों को भी राज्यपाल थावरचंद गहलोत ने शपथ दिलाई। कार्यक्रम के आखिरी में राहुल गांधी मंच पर आए और कहा- हमने 5 वादे किए थे, वो कैबिनेट की पहली मीटिंग में ही पूरे कर दिए जाएंगे।



राहुल गांधी ने कहा कि कर्नाटक के लोगों ने भाजपा की नफरत और भ्रष्टाचार को हरा दिया है। कहा कि 'हम झूठे वादे नहीं करते हैं। हम जो कहते हैं, करते हैं। हमारी सरकार की पहली कैबिनेट बैठक एक-दो घंटे बाद होगी और उस बैठक में सभी पांच गारंटी योजना कानून बन जाएगी। राहुल गांधी ने कहा कि चुनाव में कांग्रेस को जीत इसलिए मिली क्योंकि उसके साथ सच था और गरीब लोगों का समर्थन था। वहीं भाजपा के पास पैसा, ताकत और पुलिस है। लोगों ने भाजपा के भ्रष्टाचार और नफरत को हरा दिया। अपनी पदयात्रा के दौरान मैंने कहा था कि मोहब्बत जीतेगी और नफरत हारेगी।

**मंच पर दिखी विपक्षी एकता:** कार्यक्रम में बिहार के सीएम नीतीश कुमार व डिप्टी सीएम तेजस्वी यादव, छत्तीसगढ़ के सीएम भूपेश बघेल, हिमाचल प्रदेश के सीएम सुखविंदर सिंह सुक्खू और झारखंड के मुख्मंत्री हेमंत सोरेन समेत कई नेता कर्नाटक सरकार के शपथ ग्रहण समारोह में शामिल हुए।

### ये हैं पांच वादे

1. 200 यूनिट तक बिजली फ्री।
2. गरीब परिवार की मुखिया महिला को 2 हजार महीना।
3. महिलाओं के लिए यातायात फ्री।
4. बेरोजगारों को दो साल तक भत्ता व ग्रेजुएट को तीन हजार, डिप्लोमा को डेढ़ हजार रुपए।
5. बीपीएल परिवारों को 10 किलो चावल फ्री।

# 18 साल से बिहार को बर्बाद कर रहे हैं नीतीश : सम्राट

## बीजेपी की प्रदेश कार्यसमिति की बैठक आयोजित



**केटी न्यूज/पटना**

राजधानी पटना में शनिवार को बीजेपी की प्रदेश कार्य समिति की बैठक हुई। इस बैठक में बिहार बीजेपी के तमाम दिग्गज पहुंचे। इस दौरान बीजेपी के प्रदेश अध्यक्ष सम्राट चौधरी ने महागठबंधन सरकार पर हमला बोला। उन्होंने कहा कि बिहार में हवाई अड्डा नहीं बन पा रहा है तो दोषी कौन है? बिहटा में हवाई अड्डा के लिए जमीन उपलब्ध नहीं हुई। बिहार के सीएम नीतीश कुमार केंद्र सरकार से राशि मांगने कभी नहीं जाते। यह दिल्ली में राजनीति करने जाते हैं। दो पार्टियों का गठबंधन है एक ने 15 साल और दूसरे ने 18 साल बिहार को लूटा है। प्रदेश में लॉ ऑडर फेल है। बिहार में रोज 20-25 हत्याएं हो रहीं हैं। बिहार तभी चलेगा जब डबल इंजन को सरकार बनेगी।

सम्राट चौधरी ने कहा कि लालू यादव ने किसी को आरक्षण नहीं दिया। खुद अपने परिवार वालों की नौकरी पक्की की। आगे उन्होंने बैठक में पार्टी सदस्यों को संबोधित करते हुए कहा कि बीजेपी किस तरह आगे बढ़े इस पर चर्चा होगी। प्रदेश कार्यसमिति की बैठक में चर्चा होगी कि राज्य स्तर से मंडल स्तर पर संगठन कैसे मजबूत हो। बूथ जीतेंगे तो हम चुनाव जीतेंगे, बूथ कैसे जीते इस पर चर्चा होगी। बूथ पर जब तक हम अपना काम नहीं करेंगे तो पार्टी मजबूत नहीं होगी। नरेंद्र मोदी की सरकार के 9 साल बेमिसाल पर चर्चा करेंगे। हम लोगों को बताना पड़ेगा सरकार ने क्या किया है।

सम्राट चौधरी ने कहा कि 2014 में सहमति बनी बिहटा में एयरपोर्ट बनेगा, लेकिन जमीन नहीं उपलब्ध हुई, रक्सौल में भी नहीं हुई। नीतीश कुमार 18 साल से बिहार को बर्बाद कर रहे हैं। 2024 में कैसे फिर से सरकार स्थापित हो, एक ने बिहार को लूटा और दूसरे ने बिहार को बर्बाद किया। 15 साल तक लालू यादव मुख्यमंत्री रहे किसको आरक्षण दिया? भाजपा ही है जो सबको आरक्षण दिया। बीपी सिंह देश में मंडल कमीशन लाए. मोदी सरकार ने 10% स्वर्णों को भी आरक्षण दिया। भाजपा सबका साथ सबका विकास किया। हमको सचेत रहना है और चिंता करके आगे बढ़ाना है।

## खबरें फटाफट

### पटना में दिनदहाड़े एक पुलिसकर्मी को बदमाश ने मारी गोली

पटना। पटना में दिनदहाड़े एक पुलिसकर्मी को बदमाश ने गोली मार दी। पुलिसकर्मी की हालत गंभीर है। उन्हें अस्पताल में भर्ती करवाया गया है। घटना पत्रकार नगर थाना क्षेत्र के विजय नगर स्थित काली मंदिर के पास की है। शनिवार दोपहर पटना पुलिस वाहन चेकिंग अभियान चला रही थी। इसी दौरान एक सिपाही ने बाइक सवार दो अपराधियों को जांच के लिए रोकने की कोशिश की। इतने में संदिग्ध ने हथियार निकाली और फायरिंग करने लगा। एक गोली सिपाही के घुटने में लगी। वह जमीन पर गिर पड़ा। पुलिस जब तक अपराधी को पकड़ती तब तक वह हवाई फायरिंग करते फरार हो चुका था। इधर, गोलीबारी के बाद इलाके में हड़कंप मच गया। आसपास के लोगों की भीड़ लग गई। इधर, पुलिस को गोली लगने की सूचना से इलाके में दहशत का माहौल है। स्थानीय लोगों का कहना है कि 5 दिन पहले ही पत्रकार नगर थाना इलाके में एक कुख्यात की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। अब इतने बेखौफ हो गए कि पुलिस को भी नहीं छोड़ा वाहन चेकिंग कर रहे जवान को भी गोली मार दी। सवाल उठता है कि अगर पुलिस ही सुरक्षित नहीं है तो आम लोगों का क्या होगा। घटना के बाद इलाके के लोगों में दहशत का माहौल है। इस इलाके में अपराधी बेखौफ होकर घूम रहे हैं। पुलिस इस मामले को गंभीरता से लें। और अपराधियों की जल्द से जल्द गिरफ्तारी करें। ुलिस सूत्रों की मानें तो गोली चलाने वाली की पहचान सीसीटीवी फुटेज के जरिए की जा रही है।

## पीएम मोदी ने हिरोशिमा में क्वाड देशों के राष्ट्राध्यक्षों के साथ की बैठक

# शांति और समृद्धि सुनिश्चित करने के लिए क्वाड महत्वपूर्ण मंच: मोदी

- प्रधानमंत्री मोदी बोले- हमें 2024 में भारत में क्वाड शिखर सम्मेलन की मेजबानी करने में खुशी होगी
- रचनात्मक एजेंडा के साथ, साझा लोकतांत्रिक मूल्यों के आधार पर हम बढ़ रहे हैं आगे



**एजेंसी/नई दिल्ली**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को जापान के हिरोशिमा में क्वाड देशों के राष्ट्राध्क्षों के साथ बैठक की। इस दौरान पीएम मोदी ने कहा कि हमें 2024 में भारत में क्वाड शिखर सम्मेलन की मेजबानी करने में खुशी होगी। अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन, ऑस्ट्रेलियाई पीएम एंथोनी अल्बनीज और जापानी पीएम फुमियो किशिदा के साथ ही मीटिंग में पीएम मोदी ने कहा कि इस क्वाड समिट में हिस्सा लेते हुए मुझे खुशी हो रही है। उन्होंने कहा कि क्वाड समूह इंडो-पैसिफिक में शांति, स्थिरता और समृद्धि सुनिश्चित करने के लिए एक महत्वपूर्ण मंच है। इसमें कोई संदेह नहीं है कि इंडो-पैसिफिक व्यापार, इनोवेशन और विकास का इंजन है। हम एकमत हैं कि इंडो-पैसिफिक की सुरक्षा और सफलता केवल इस क्षेत्र के लिए ही नहीं बल्कि विश्व के लिए महत्वपूर्ण है। रचनात्मक एजेंडा के साथ, साझा लोकतांत्रिक मूल्यों के आधार पर हम आगे बढ़ रहे हैं।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आगे कहा कि साझा प्रयासों के साथ मुक्त, खुला और समावेशी इंडो-पैसिफिक के हमारे विजन को व्यावहारिक आयाम दे रहे हैं। ऑस्ट्रेलिया के प्रधानमंत्री एंथनी अल्बनीज को इस समिट की सफल अध्यक्षता के लिए अभिनंदन और बधाई देता हूं। 2024 में क्वाड नेताओं के शिखर सम्मेलन का आयोजन करने में भारत को खुशी होगी। क्वाड चार देशों का सूमह है जिसमें भारत, अमेरिका, ऑस्ट्रेलिया और जापान शामिल हैं।



### यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की के साथ बातचीत

इस दौरान नरेंद्र मोदी ने यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की के साथ बातचीत की। पिछले साल फरवरी में यूक्रेन पर रूसी हमले के बाद दोनों नेताओं के बीच यह पहली आमने-सामने की मुलाकात रही। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि यूक्रेन में चल रहा युद्ध पूरे विश्व के लिए बहुत बड़ा मुद्दा है। पूरे विश्व पर इसके अनेक प्रकार के प्रभाव भी पड़े हैं। मैं इसे राजनीति का मुद्दा नहीं मानता, मेरे लिए ये मानवता का मुद्दा है। इसके समाधान के लिए भारत और निजी रूप से मैं स्वयं, हमसे जो कुछ भी हो सकता है हम अवश्य करेंगे। पीएम ने इसके साथ-साथ ब्रिटेन के पीएम ऋषि सुनक, इंडोनेशियाई राष्ट्रपति जोको विडोडो और संयुक्त राष्ट्र प्रमुख एंतोनियो गुतारेस से भी मुलाकात की। सुनक से मुलाकात के दौरान दोनों नेता गर्मजोशी से गले मिले। वहीं इंडोनेशियाई नेता के साथ मुलाकात के बाद प्रधानमंत्री मोदी ने ट्वीट किया कि राष्ट्रपति जोको और श्रीमती विडोडो से मिला। भारत इंडोनेशिया के साथ मजबूत संबंधों को बड़ी प्राथमिकता देता है।

### हिरोशिमा में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की प्रतिमा का अनावरण

पीएम मोदी ने इससे पहले शनिवार को हिरोशिमा शहर में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की प्रतिमा का अनावरण किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि शांति और सद्भाव को लेकर उनके आदर्श दुनियाभर में प्रतिध्वनित होते हैं और लाखों लोगों को ताकत देते हैं। महात्मा गांधी की प्रतिमा लगाने के लिए हिरोशिमा का चयन शांति और अहिंसा के प्रति एकजुटता दशार्ने के मकसद से किया गया। अमेरिका ने छह अगस्त 1945 को हिरोशिमा पर दुनिया का पहला परमाणु हमला किया था, जिससे यह शहर तबाह हो गया था और करीब 1,40,000 लोगों की मौत हो गई थी। पीएम मोदी ने प्रतिमा का अनावरण करने के बाद कहा कि आज भी जब दुनिया हिरोशिमा शब्द सुनती है, तो डर जाती है।

### नई शिक्षा नियमावली के खिलाफ प्रदर्शन

**पटना।** पटना में नई शिक्षा नियमावली के खिलाफ शनिवार को हजारों नियोजित शिक्षकों ने पदयात्रा निकाली। यह यात्रा पटना के गांधी मैदान से शुरू होकर डीएम कार्यालय पहुंची, जहां शिक्षकों ने आयुक्त कार्यालय में ज्ञापन सौंपा। शिक्षकों की मांग है कि 2023 नियमावली को बदलना होगा। समान काम का समान वेतन देना होगा। उनका कहना है कि हम लोग बीपीएससी परीक्षा देने को तैयार हैं, लेकिन 15-16 साल से हम लोग नौकरी कर रहे हैं उसका क्या? हम इतने साल काम करके फिर से परीक्षा क्यों दें? शिक्षकों ने कहा कि हमारी मांग है की हमें राज्यकर्मी का दर्जा दिया जाए क्योंकि हम लोग 17 सालों से सेवा में हैं। फिर जॉब हम लोगों को नहीं मिलेगा तो किसे मिलेगा।




## जलवायु वैज्ञानिकों की अंतरराष्ट्रीय टीम ने विश्लेषण के आधार पर जारी की चौंकाने वाली रिपोर्ट

# देश में लू के थपेड़े 30 गुना अधिक होंगे, पारा 48 से 55 के बीच होगा

**एजेंसी/नई दिल्ली**

देश के कई हिस्सों में इन दिनों गर्मी से लोगों का बुरा हाल है। राजधानी दिल्ली समेत उत्तर भारत के कई शहरों में गर्मी से राहत दिलाने के लिए पंखे, कूलर फेल हो रहे हैं और बिना एसी के तो एक पल गुजारना मुश्किल हो रहा है। यह हाल तब है, जब इन दिनों तापमान 40 से 44 डिग्री तक पहुंच जा रहा है। ऐसे में जरा सोचिए कि तब क्या स्थिति होगी, जब पारा 48 से 55 के बीच होगा। देश में लू के थपेड़े 30 गुना अधिक होंगे। जिस तरह से कार्बन डाई ऑक्साइड का उत्सर्जन हो रहा है और यह बढ़ता जा रहा है। इससे आशंका ये जताई जा रही है कि आने वाले वर्षों में राजधानी दिल्ली समेत कई शहरों का औसत तापमान अभी की



तुलना में 7 से 8 डिग्री और बढ़ सकता है। वर्ल्ड वेदर एट्रिब्यूशन ग्रुप के तहत प्रमुख जलवायु वैज्ञानिकों की अंतरराष्ट्रीय टीम द्वारा किए गए रैपिड एट्रिब्यूशन एनालिसिस के अनुसार, दुनियाभर के हीटवेव हॉटस्पॉट्स में शुमार होने वाले इस क्षेत्र की हाई वल्नरेबिलिटी ने मौसम के असर को बढ़ा दिया। अप्रैल के दौरान, दक्षिण और दक्षिण पूर्व एशिया के कुछ हिस्सों ने तीव्र गर्मी की लहर का सामना किया, लाओस में 42 डिग्री सेल्सियस और थाईलैंड में 45 डिग्री सेल्सियस से अधिक तापमान तक पहुंच गया।

शीर्ष वैज्ञानिकों की इस रिपोर्ट में काफी चौंकाने वाली जानकारी सामने आई है। रिपोर्ट के मुताबिक अगले कुछ सालों में हीटवेब यानी लू के थपेड़े 30 गुना अधिक होंगे। वह दिन दूर नहीं जब भारत, बांग्लादेश, थाइलैंड जैसे देशों में तापमान 55 डिग्री सेल्सियस के आसपास होगा। इस रिपोर्ट ने 41 डिग्री सेल्सियस तापमान को खतरनाक श्रेणी में रखा है। जबकि 55 डिग्री सेल्सियस तापमान को अति घातक श्रेणी में बताया गया है।

### पैसिव एवं एक्टिव कूलिंग विधियों को अपनाने पर बल

पर्यावरण और ऊर्जा मामलों के जानकार और लेखक अरविंद मिश्रा कहते हैं कि, हीटवेब से कैसे बचाव किया जा सके हमें देश मे अब उन कामों पर गौर करना चाहिए। इनमें वार्निंग सिस्टम को मजबूत करने से लेकर अर्बन प्लानिंग में पैसिव एवं एक्टिव कूलिंग विधियों को अपनाने पर तेजी से बल दिया जाना चाहिये। इसके अलावा अर्बन प्लानिंग के दौरान घरों को कुछ इस तरह डिजाइन किया जाता है कि उनके भीतर का तापमान नियंत्रित रहता है। जिससे एसी और दूसरे कूलिंग डिवाइस में होने वाली ऊर्जा की खपत कम होती है।

## खबरें फटाफट

### वाहन की ठोकर से दो बाइक सवार युवक घायल

**मखदुमपुर।** थाना क्षेत्र के माछिल गांव के समीप सड़क पर अज्ञात वाहन की ठोकर से दो बाइक सवार युवक घायल हो गए। घायलों में बसन विगहा गांव निवासी गौतम कुमार एवं दिनेश कुमार बताए जाते हैं। जानकारी के अनुसार दोनों बाइक सवार युवक मखदुमपुर की ओर से जा रहे थे इसी दौरान एक वाहन ने ठोकर मार दी, जिसमें बाइक सवार दोनों लोग घायल हो गए। स्थानीय लोगों की मदद से घायलों को इलाज के लिए रेफरल अस्पताल मखदुमपुर लाया गया। जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार किया।

### भारी मात्रा में तांबा का तार बरामद, एक गिरफ्तार

**मखदुमपुर।** थाने की पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर मखदुमपुर बाजार स्थित निचली रोड में एक बर्तन दुकान में छापेमारी कर 42 किलो तांबा का तार बरामद किया है। जानकारी देते हुए थाना अध्यक्ष रवि भूषण ने बताया कि गुप्त सूचना मिली के निचली रोड स्थित एक बर्तन दुकान में चोरी का तार रखा हुआ है। जिसके बाद पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए दुकानदार दीपक कुमार को गिरफ्तार कर तांबा का तार बरामद किया है। साथ ही उससे पूछताछ के बाद उसके दूसरे साथियों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस छापेमारी कर रही है।

### औरंगाबाद में युवक ने महिला को मारा चाकू

**औरंगाबाद।** औरंगाबाद में शनिवार सुबह एक युवक ने महिला की पेट में चाकू घोंप दिया। जिसके कारण महिला गंभीर रूप से जख्मी हो गई। घटना दाउदनगर थाना क्षेत्र के चौरम गांव की है। जख्मी महिला संजू देवी उसी गांव की रहने वाली है। जानकारी के अनुसार उक्त युवक महिला के दरवाजा पर खड़ा था। महिला ने विरोध करते हुए युवक को वहां से हटने की बात कही। जिससे युवक गुस्से में आ गया। पहले दोनों में नोंकझोंक हुई। फिर युवक ने उसे चाकू मार दिया।

# रहें सतर्क: रोहतास में लगातार मिल रहे कोरोना मरीज, संक्रमितों की संख्या हुई 9

- प्रखण्डों में उपलब्ध कराया जायेगा कोविड का टीका, सतर्कता बरतने की अपील
- सतर्कता बरतने के बजाय अब लोग करने लगे हैं ढिलाई

**केटी न्यूज/सासाराम**



रोहतास जिले में कोरोना संक्रमण को लेकर बरती जा रही सावधानियों के बावजूद भी जिले में संक्रमण के मामले लगातार देखने को मिल रहे हैं। हालांकि संक्रमण को लेकर लोगों के व्यवहार में थोड़ा परिवर्तन भी देखा जा रहा है, जहां पहले सतर्कता ज्यादा बरती जा रही थी वहीं अब इसमें लोगों द्वारा थोड़ी ढिलाई देखी जा रही है। हालांकि संक्रमण को लेकर जिला स्वास्थ्य समिति ने कोई ढिलाई नहीं की है। लगातार सावधानियां बरती जा रही हैं। साथ ही संक्रमण के खतरे को देखते हुए अभी भी आपातकालीन स्थिति से निपटने के लिए तैयारियां बरकरार रखी गई हैं। पिछले 24 घंटों के भीतर जिले में एक और कोरोना संक्रमित मरीज पाया गया है। इस तरह से जिले में कोरोना संक्रमित मरीजों की संख्या 9 हो गई है। जिला स्वास्थ्य समिति से मिली जानकारी के अनुसार पिछले 10 दिनों के भीतर 9 नए संक्रमित मरीज मिले है। अभी जिले में एक्टिव मरीजों की संख्या 9 है। सभी संक्रमित मरीजों को होम आइसोलेशन के तहत रखा गया है।

### संक्रमण से बचाव के लिए टीकाकरण जारी

कोरोना संक्रमण से बचाव को टीकाकरण अभियाम भी लगातार जारी है। जिले में अबतक 43 लाख 20 हजार लोगों को टीकाकरण किया जा चुका है। जिसमे 20 लाख 255 लोगों को प्रथम डोज का टीकाकारण किया जा चुका है। जबकि 18 लाख 46 हजार 551 लोगों को दूसरा एवं 4 लाख 26 हजार 817 लोगों को बूस्टर डोज का टीका दिया जा चुका है। इसकी जानकारी देते हुए डीआईओ डॉ आर के पी साहू ने बताया कि पिछले महिने जिले को 600 टीका उपलब्ध कराया गया था जिसमे 500 के आसपास टीका अभी मौजूद है। उन्होंने बताया कि फिलहाल कोरोना का टीका सदर अस्पताल स्थित सासाराम प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में दिया जा रहा है। उन्होंने बताया कि 500 टीकों में से कुछ ठीके जिले के विभिन्न प्रखंडों को भी उपलब्ध कराया जाएगा जिससे दूसरे प्रखण्ड के लोगों को अपने ही प्रखण्ड में टीका लेने में आसानी होगी।

### संक्रमण से बचाव को लेकर विभाग तैयार

सिविल सर्जन डॉ के एन तिवारी ने बताया कि जिले में कोरोना संक्रमण के मरीज तो मिल रहे है लेकिन इसमें पैनिक होने वाली कोई बात नही है। बावजूद इसके सावधानी बरती जा रही है। उन्होंने बताया कि संक्रमण से निपटने के लिए सभी तैयारी बरकरार है। ऑक्सीजन से लेकर दवाओं तक कि उपलब्धता है। साथ ही साथ इमेरजेंसी वार्ड भी संचालित है।

### लोगों से की जा रही सावधानी बरतने की अपील

लोगों को अभी भी सावधानी बरतने के लिए अपील की जा रही है। साथ ही सर्दी, खांसी बुखार होने पर लोगों को कोरोना जॉच कराने का भी अपील किया जा रहा है। जिला स्वास्थ समिति से मिले आंकड़ों के अनुसार पिछले 10 दिनों में कुल 3332 कोरोना जांच किया गया, इस दौरान 9 लोगों में संक्रमण पाया गया।

**भोजपुर जिले के नारायणपुर थाना क्षेत्र के छपरापुर गांव का मामला, पिछले साल ही हुई थी शादी**

# संदिग्ध परिस्थिति में नवविवाहिता की मौत, शरीर पर मिले चोट के निशान

- बाइक और सोने की चेन के लिए बेटी को प्रताड़ित और पीटने का लगाया जा रहा आरोप
- घटना के बाद से फरार हैं ससुराल पक्ष के लोग, हत्या या आत्महत्या की जांच में जुटी पुलिस

**केटी न्यूज/आरा**

जिले के नारायणपुर थाना क्षेत्र के छपरापुर गांव में शुक्रवार की शाम संदिग्ध परिस्थितियों में नवविवाहिता की मौत हो गई। माना जा रहा है कि ससुराल वालों ने फांसी लगाकर नवविवाहिता की हत्या की है। घटना के बाद ससुराल वाले मौके से फरार हो गए हैं। जिसको लेकर इलाके में सनसनी मच गई है। मृतका की पहचान नारायणपुर थाना क्षेत्र के छपरापुर गांव निवासी लवकुश कुमार की 20 वर्षीया पत्नी शिशामनी देवी के रूप में की गई है। साथ ही, परिजनों ने बाइक व सोने की चेन के लिए प्रताड़ित करने, मारपीट और हत्या का आरोप लगाया है।

मामले में मृतका के चाचा उपेंद्र कुमार सिंह ने बताया कि उनकी भतीजी शीशामनी देवी की शादी 12 जून 2022 को नारायणपुर थाना क्षेत्र के छपरापुर गांव निवासी गोपाल यादव के बेटे लवकुश कुमार के साथ की गई थी। शादी के समय दूल्हे को बाइक खरीदने के लिए 85 हजार नगद भी दिया गया था, लेकिन उन्होंने सेकंड हैंड बाइक खरीद ली। शादी के कुछ दिन बीत जाने के बाद से ही उसके पति और ससुराल वाले नई बाइक व सोने की चेन की मांग करने लगे। जिसे लेकर वो उनकी भतीजी के साथ मारपीट करते और प्रताड़ित करने लगे। इससे तंग आकर शीशामनी एक बार मायके भी आ गई थी। तब उस समय पंचायती कर उसे ससुराल भेजा गया और एक भैंस भी दी गई।



नवविवाहिता की मौत के बाद आरा सदर अस्पताल परिसर में गुमशुम खड़े परिजन।

उन्होंने बताया कि शुक्रवार को एक परिचित ने सूचना दी की शीशामनी की मौत हो गई है। यह सुन सभी भौंचके हो गए और आननफानन में बेटी के ससुराल पहुंचे। जहां उन्होंने देखा की शीशामनी मृत अवस्था में पड़ी हुई है और उसके गले में रस्सी बंधी है। साथ ही, उसके शरीर पर चोट के निशान थे। वहीं, घर के समान बिखरे पड़े है। वहीं, दूसरे कमरे में उसकी टूटी हुई चूड़ियां और सोने की अंगूठी फर्श पर गिरे थे। इस बीच किसी ने पुलिस को मामले की जानकारी दी। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लिया। छानबीन पर पता चला कि ससुराल वाले घटना के बाद से ही फरार हैं। नारायणपुर थानाध्यक्ष राकेश कुमार ने घटनास्थल की जांच की और शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम सदर अस्पताल भेजा। पुलिस की पूछताछ में परिजनों ने मृतका के पति, सास व देवर एवं उसके ससुराल के अन्य लोगों पर दहेज में बाइक पर सोने के चेन के लिए फांसी लगाकर उनकी बेटी की हत्या करने का आरोप लगाया। पुलिस ने फर्दबायन लेकर मामले की तहकीकात शुरू कर दी। थानाध्यक्ष राकेश कुमार ने बताया कि मामले में ससुराल पक्ष के लोगों पर प्राथमिकी दर्ज की जा रही है। साथ ही, उनकी गिरफ्तारी के लिए छापेमारी शुरू कर दी गई है। जल्द ही दोषियों को पकड़ कर कड़ी से कड़ी सजा दिलाई जाएगी। वहीं, पुलिस मामले में सभी बिंदुओं की जांच कर रही है।

### औरंगाबाद में सड़क हादसे में एक युवक की मौत

**औरंगाबाद।** औरंगाबाद में सड़क हादसे में एक युवक की मौत हो गई। घटना मदनपुर थाना क्षेत्र के माया बिगहा समीप एनएच की है। मृतक 22 वर्षीय अमलेश कुमार मदनपुर थाना क्षेत्र के सिन्दुआरा निवासी कृष्णा सिंह चन्द्रवंशी का बेटा था। जानकारी के अनुसार अमलेश औरंगाबाद से बाइक से अपने घर सिन्दुआरा जा रहा था। जैसे ही माया बिगहा समीप डायवर्सन पर बाइक मोड़ने लगा कि ट्रक ने पीछे से बाइक में टक्कर मार दी, जिससे बाइक चालक युवक गिर पड़ा और ट्रक का अगला टायर उसके माथे पर चढ़ गया। इस दौरान युवक की मौके पर ही मौत हो गई। घटना के बाद आसपास के लोगों ने ट्रक को पकड़ लिया। वहीं मुआवजे की मांग को लेकर लोगों ने सड़क जाम कर दिया।

## एक नजर

### जहानाबाद में 28 मई से शुरू होनेवाले पल्स-पोलियो अभियान को सफल बनाने पर चर्चा



**जहानाबाद।** जहानाबाद जिला में 28 मई से शुरू होनेवाले पल्स-पोलियो टीकाकरण अभियान को लेकर शनिवार को जिलाधिकारी रिची पाण्डेय की अध्यक्षता में समाहरणालय में बैठक हुई। इसमें जिलाधिकारी ने अभियान को सफल बनाने के संबंध में संबंधित पदाधिकारियों आवश्यक निर्देश दिया। बैठक में उपस्थित सिविल सर्जन ने बताया कि जिले में 28 मई से 02 जून तक पल्स-पोलियो टीकाकरण अभियान के तहत पांच साल तक के सभी बच्चों को पोलियो की ड्रॉप पिलायी जाएगी। वहीं 02 जून को चक्र के दौरान सभी छुटे हुए बच्चों को बी. टीम कार्य में टीकाकृत कराया जायेगा। उन्होंने बताया कि इस अभियान के लिए लक्ष्य की प्राप्ति की जानी है तथा मानव बल संलग्न रहेंगे। बैठक में जिला पदाधिकारी द्वारा निदेश दिया गया कि उक्त अभियान को सफल बनाने के लिए स्वास्थ्य विभाग के साथ-साथ समाज कल्याण विभाग, शिक्षा, पंचायती राज, नगर परिषद, कल्याण विभाग, जीविका इत्यादि विभाग तथा अन्य सहयोगी संस्थायें सहयोग करेंगे।

### 11 साल पहले जानलेवा हमला से जुड़े मामले में दोषी को मिली तीन साल कैद की सजा

**सासाराम।** सासाराम जिला व्यवहार न्यायालय स्थित एडीजे 19 इंद्रजीत सिंह की अदालत में जानलेवा हमला से जुड़े एक मामले में शनिवार को सजा के बिंदु पर सुनवाई करते हुए मामले में दोषी अभियुक्त बैजनाथ चंद्रवंशी निवासी बंसीपुर एइंद्रपुरी को 3 साल कैद की सजा सुनाई है। मामले की प्राथमिकी इंद्रपुरी थाना कांड संख्या 536/2012 में दर्ज हुई थी। जिसका ट्रायल सत्र वाद संख्या 538/ 2013 में उक्त कोर्ट में चल रहा है। दर्ज प्राथमिकी के अनुसार उक्त घटना 4 दिसंबर 2012 की है। जहां उक्त अभियुक्त पर अपने ही गांव के शंकर चंद्रवंशी एवं चिंता देवी को घेरकर लाठी-डंडों से जानलेवा हमला करने का आरोप था।

### छेड़खानी मामले में अभियुक्त को 3 साल की कैद

**सासाराम।** सासाराम जिला व्यवहार न्यायालय स्थित ए डी जे 7 विशेष न्यायाधीश पोक्सो अधिनियम दशरथ मिश्रा की अदालत ने 7 साल पूर्व युवती से छेड़खानी से जुड़े मामले में दोषी पाए अभियुक्त इरशाद खान निवासी नटवारए रोहतास को 5000 अर्थदंड सहित 3 साल कैद की सजा सुनाई है। मामले में अभियोजन पक्ष के अधिवक्ता विशेष लोक अभियोजक हीरा प्रताप सिंह ने बताया कि उक्त घटना 23 अप्रैल 2016 को भलूनी धाम में घटी थी। जहां अभियुक्त द्वारा घटना तिथि की सुबह 5.00 बजे युवती के शौच जाने के क्रम में छेड़खानी करने का आरोप था। इस मामले में कुल 4 गवाहों की गवाही हुई थी। जिसके बाद कोर्ट ने आरोपी को सजा सुनाई।

### सच्चे समाजवादी, कर्मठ एवं गरीबों के नेता थे श्याम नारायण बाबू : डॉ सुरेन्द्र यादव



**जहानाबाद।** शहर के स्वामी सहजानंद संग्रहालय में शनिवार को बाजार समिति के पूर्व उपाध्यक्ष, प्रखर समाजवादी व राजद के वरिष्ठ नेता श्यामनारायण यादव की 5वीं पुण्यतिथि के अवसर पर समारोह का आयोजन किया गया। इस समारोह की अध्यक्षता राजद के प्रधान महासचिव परमहंस राय ने की। इस मौके पर बिहार सरकार के सहकारिता मंत्री डॉ सुरेंद्र प्रसाद यादव ने सर्वप्रथम उनके तैल चित्र पर पुष्पाजंलि कर उन्हें श्रद्धासुमन अर्पित किया। उन्होंने कहा कि श्यामनारायण बाबू एक सच्चा समाजवादी, कर्मठ एवं गरीबों के नेता थे। वे गरीबों के बारे में हमेशा सोंचते रहते थे। उनके दरवाजे पर जो भी जरुरतमंद लोग जाते थे खाली हाथ नहीं लौटते थे। उन्होंने कहा कि उनके बताए मार्गो पर चलना ही उनके प्रति सच्ची श्रद्धांजलि होगी। वहीं मखदुमपुर विधायक सतीश दास ने कहा कि श्यामनारायण बाबू एक पुराने समाजवादी नेता थे। वे हर संकट से जुझते रहते थे और हमेशा जरूरतमंदों की सेवा में लगे रहते थे। पुण्यतिथि समारोह के आयोजक सह श्याम नारायण बाबू के पुत्र शिक्षक राकेश यादव एवं रोजगार सेवक अशोक यादव ने श्रद्धासुमन अर्पित कर उन्हें याद किया। इस मौके पर पूर्व विधायक डॉ मुनीलाल यादव, सूबेदार दास, जदयू नेता जयप्रकाश चन्द्रवंशी, राजद जिलाध्यक्ष महेश ठाकुर, अवधेश चन्द्रवंशी, सुदामा मंडल, पैक्स अध्यक्ष सूर्यदेव यादव, प्रवक्ता मनोज यादव, मरछू रविदास, रामबाबू पासवान, अनिल पासवान, अरविन्द चन्द्रवंशी, अधिवक्ता अनिल कुमार, ललित यादव, सुरेश यादव, रंजीत पासवान, श्यामदेव यादव अधिवक्ता, भूटो गोप, मंजू यादव, संजय यादव सहित बड़ी संख्या में लोगों ने अपने-अपने विचार प्रकट किये।

# बिहटा में खाना खाने के बाद दालान में सो रहे किसान की गोली मारकर हत्या

**केटी न्यूज/बिहटा**

बिहटा थाना क्षेत्र मूसेपुर गांव के मोहनपुर टोले में शुक्रवार की देर शाम एक किसान की अपराधियों ने गोली मारकर हत्या कर दी। पुलिस ने घटनास्थल से एक खोखा को बरामद किया है। साथ ही शव को कब्जे में लेकर कानूनी प्रक्रिया में जुट गई है। मृतक की पहचान थाना क्षेत्र के मूसेपुर गांव निवासी स्व. राम बहादुर सिंह के पुत्र संचित सिंह (55) के रूप में की गई है। फिलहाल घटना का कारण स्पष्ट नहीं है।

मृतक संचित सिंह प्रतिदिन की तरह खाना खाने के बाद अपने दालान में सो गये थे। पड़ोस के व्यक्ति ने आवाज लगाई तो वे नहीं उठे। उनकी बेटी को बुलाया, उसकी आवाज पर भी जब उनके शरीर में कोई हरकत नहीं हुई तो बेटी ने उनके करीब जाकर देखा तो कान के पास खून निकल रहा था। अनहोनी की आशंका होने पर बेटी रोने लगी। इसके बाद गांव में घटना की जानकारी सबको हो गई। कई लोग उनके दालान की तरफ दौड़े



और नब्ज को देखा तो उनकी मौत हो चुकी थी। मौके पर पहुंची पुलिस को परिजनों और मृतक के पुत्र अंशु कुमार ने घटना की कोई भी जानकारी होने से इंकार किया है। बेटे का कहना था कि शाम 6 बजे तक उनके किसी परिवार के सदस्य को इस बारे में कोई जानकारी नहीं थी। बगल के लोगों ने पटाखे जैसी आवाज सुनी है। मृतक के सिर में सटाकर गोली मारी गई है।

# तिलक समारोह में हर्ष फायरिंग के दौरान गोली लगने से 14 साल के किशोर की मौत

**केटी न्यूज/जहानाबाद**

घोसी थाना क्षेत्र के थल्लू बीघा गांव में तिलक समारोह में हर्ष फायरिंग के दौरान गोली लगने से एक 14 साल के किशोर की मौत हो गई। मौत के बाद परिजनों में कोहराम मच गया है। मामला शुक्रवार रात का है। परिजनों ने बताया कि घोसी थाना क्षेत्र के थल्लू बीघा गांव में बिट्टू यादव के बेटे मोनू कुमार का घनश्याम बीघा से तिलक आया था। तिलक समारोह में डांस का प्रोग्राम चल रहा था। नाच के प्रोग्राम के दौरान मोनू कुमार और दूल्हे भाई प्रियांशु कुमार अपने भाई के तिलक समारोह में इतने उत्साहित हो गए कि हर्ष फायरिंग करने लगे। इसके कारण गांव के ही निवासी 14 साल के किशोर अंकुश कुमार को पेट में गोली लग गई, जिससे वह बुरी तरह से जख्मी हो गया। वहीं, जब इसकी सूचना परिजनों और ग्रामीणों को हुई तो आनन-फानन में अंकुश को इलाज के लिए जहानाबाद सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां डॉक्टरों ने देखने के बाद युवक अंकुश को मृत घोषित



कर दिया। घटना की सूचना घोसी थाना की पुलिस को दी गई है। इसके बाद घोसी थाना अध्यक्ष भावेश मंडल ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है कि हथियार कहां से लाया गया। सभी बिंदुओं पर जांच चल रही।इस घटना के बाद तिलक समारोह में भगदड़ मच गया। घटना के बाद मृतक के परिजनों का रोते-रोते बुरा हाल है। अंकुश कुमार दो भाई था। वह सातवीं कक्षा का छात्र था।

**21 एवं 22 मई को पर्यटन विभाग एवं जिला प्रशासन की ओर से सासाराम में शेरशाह महोत्सव-2023 का आयोजन**

# सिंगर कुणाल गांजावाला और श्रद्धा पंडित के सुरों से सजेगी महफिल

**केटी न्यूज/सासाराम**

सासाराम में पर्यटन विभाग एवं जिला प्रशासन रोहतास द्वारा 21 एवं 22 मई को शेरशाह महोत्सव-2023 का आयोजन किया जाएगा। दो दिवसीय मुख्य कार्यक्रम न्यू फजलगंज स्टेडियम में किया गया है। महोत्सव में देश के जाने-माने गायकों की सुर संगीत से महफिल सजेगी। शेरशाह सूरी के मकबरा पर आकर्षक लाइटिंग की जाएगी।

इस बार महोत्सव में बॉलीवुड के मशहूर सिंगर कुणाल गांजावाला एवं श्रद्धा पंडित की सुर संगीत से महफिल सजेगी। निशिता झा लोकगीतों से श्रोताओं को झुमायेंगी। कई स्थानीय कलाकार भी अपनी प्रस्तुति देंगे।



मुंबई डांस ग्रुप द्वारा मनमोहक नृत्य की प्रस्तुति की जाएगी। मुशायरे एवं गोष्ठी का भी आयोजन किया गया है। इसके अलावे लेजर शो व लेजर डांस का आयोजन किया गया है। कार्यक्रम स्थल पर महिलाओं को बैठने के लिए अलग से ब्लॉक बनाया जाएगा। इसके अलावे विभिन्न विभागों एवं खानपान का स्टॉल लगाया जाएगा।

महोत्सव प्रभारी वरीय उप समाहर्ता नेहा कुमारी ने बताया कि दो दिवसीय महोत्सव में 22 मई को वार्डवार प्रभातफेरी निकाली जाएगी, जिसका समापन शेरशाह सूरी मकबरे के पास होगा. उन्होंने कहा कि 21 एवं 22 मई को न्यू स्टेडियम फजलगंज में सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। जिसमें राष्ट्रीय स्तर के कलाकारों तथा स्थानीय कलाकारों बुलाया गया है।

21 मई को ही फजलगंज स्थित मल्टीपर्पस हॉल में महान शासक शेरशाह सूरी के व्यक्तित्व तथा कार्यों पर आधारित मुशायरे एवं गोष्ठी का आयोजन होगा। मुशायरा आयोजन का विषय सर्वधर्म सद्भावह्न रहेगा। उक्त कार्यक्रम में वार्डवार गठित सद्भावना समिति के सदस्यों को भी आमंत्रित किया जायेगा। महोत्सव के अवसर पर विद्यालयों में शेरशाह सूरी पर निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा।

महोत्सव के अवसर पर स्वास्थ्य जांच एवं रक्तदान शिविर का आयोजन किया जाएगा। फजलगंज स्टेडियम में उक्त तिथि को विभागीय स्टॉल भी लगाया जाएगा। शेरशाह मकबरा पर लाइटिंग की जाएगी। डीडीसी शेखर आनंद ने कहा कि महोत्सव का मुख्य उद्देश्य जिले में पर्यटन को बढ़ावा देना है। शेरशाह महत्वपूर्ण पुरतात्विक विरासतों की तरफ देश-विश्व स्तर पर पर्यटकों का ध्यान आकर्षित करना है।

केशव टाइम्स
बक्सर, 21 मई 2023



महात्मा गांधी

विश्वास को हमेशा तर्क से तौलना चाहिए।
जब विश्वास अँधा हो जाता है तो मर जाता है।



## खबरें फटाफट

### बिजली चोरी के आरोप में छह लोगों पर केस

**डुमरांव।** डुमरांव थाना क्षेत्र के अलग-अलग गांवों में विद्युत आपूर्ति प्रशाखा चौगाई के कनीय अभियंता शैलेश कुमार के नेतृत्व में सघन छापेमारी अभियान चलाया गया। इस दौरान मीटर बाइपास और टोंका फंसाकर बिजली चोरी करने के आरोप में छह लोगों के खिलाफ डुमरांव थाना में प्राथमिकी दर्ज कर विद्युत ऊर्जा चोरी के दौरान विभाग को हुई राजस्व की क्षति के आरोप में जुमार्ना भी लगाया गया। दर्ज प्राथमिकी के अनुसार बनहेजीडेरा गांव के हरिकृष्णा चौधरी पर 39167 रुपये, कुल्हवां गांव के ब्रिज कुमार राम पर 18259 रुपये, रमेश राम पर 13754 रुपये, कमलेश पासवान पर 8937 रुपये, विजय राम पर 9628 रुपये, और बलिराम सिंह पर 44841 का जुमार्ना लगाते हुए नामजद प्राथमिकी दर्ज की गयी है। बिजली विभाग के अधिकारियों की इस कार्रवाई के बाद अवैध रूप से बिजली जलाने वालों के बीच हड़कंप मच गया है। थानाध्यक्ष बिंदेश्वर राम ने बताया कि आरोपियों के खिलाफ विद्युत अधिनियम 2003 की धारा 135 एवं अन्य सुसंगत धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया है।

### शादी में गया था पूरा परिवार, घर में हो गई चोरी

**डुमरांव।** स्थानीय थाना क्षेत्र के रजई मिश्र की गली में अज्ञात चोरों ने एक बंद घर का ताला तोड़कर 40 हजार नगद सहित करीब एक लाख रुपये के सोने-चांदी के गहने चोरी कर फरार हो गये। परिजन जब शादी संपन्न होने के बाद घर लौटे तो घर का ताला टूटा देख दंग रह गये। अंदर गये तो सारा सामान बिखरा था। छानबीन के बाद पता चला कि घर मे रखे गये 40 हजार नगद, पांच थान सोने के गहने, कांसे के बर्तन सहित अन्य सामान गायब थे। इस घटना के बाद परिजनों के बीच अफरा-तफरी मच गयी। इसकी सूचना तत्काल स्थानीय थाने को दी गयी। पीड़ित रजई मिश्र की गली निवासी वीरेंद्र यादव के पुत्र मनोज यादव ने इस मामले में अज्ञात चोरों के खिलाफ मामला दर्ज कराया है।

# नये परिसीमन ने बदला समीकरण, कई वार्डों में निवर्तमानों की बढ़ी मुश्किलें

## नगर परिषद चुनाव

- इस बार नये परिसीमन पर हो रहा निकाय चुनाव
- पहले डुमरांव नगर परिषद में 26 वार्ड थे, जो अब विस्तारित क्षेत्रों को मिलाकर 35 हो गए हैं

**रजनी कांत दूबे/डुमरांव**



डुमरांव नगर परिषद का चुनाव इस बार नयें परिसीमन पर हो रहा हैं। एक बड़े इलाके को नगर परिषद क्षेत्र में शामिल भी किया गया है। विस्तारित क्षेत्र पहले ग्राम पंचायतों के अधीन थे, जो अब नगर परिषद में शामिल हो गए हैं। विस्तारित क्षेत्रों को छोड़ दिया जाए तो पहले डुमरांव नगर परिषद में 26 वार्ड थे, जो अब विस्तारित क्षेत्रों को मिला 35 हो गए हैं। ऐसे में पुराने नगर परिषद क्षेत्र के जितने वार्ड थे उनका नंबर व परिसीमन बदल गया है। कई पुराने वार्डों की सीमा इधर से उधर हो गई है। जिस कारण निवर्तमान पार्षदों की मुश्किलें बढ़ गई है। जानकारों की मानें तो नयें परिसीमन के बाद जो राजनीतिक समीकरण बनकर उभरा है वह कई पुराने पार्षदों को रास नहीं आ रहा है। परिसीमन को देखते हुए कई पुराने पार्षद तो पहले ही हार मान चुनावी मैदान से अलग हो गए हैं। जबकि कई भगवान भरोसे बैतरणी पार करने की जुगत में हैं।

बता दें कि रेलवे स्टेशन के दक्षिणी भाग से पुराना नगर परिषद का दायरा शुरू होता है। पहले पूर्वी रेलवे क्रासिंग से पश्चिमी रेलवे क्रासिंग के बीच तथा लालगंज कड़वी के प्रोफेसर कॉलोनी का इलाका वार्ड दो था, जबकि खिरौली, प्रखंड कार्यालय का आध भाग तथा पश्चिमी क्रासिंग के पास स्थित पावर सब स्टेशन तक वार्ड एक में शामिल था। वहीं लालगंज कड़वी गांव वार्ड तीन तथा नया थाना के बगल से दीवान गंज तक का इलाका वार्ड चार था। लेकिन अब नयें परिसीमन में वार्ड दो का पूरा हिस्सा, वार्ड एक तथा तीन के कुछ भागों को मिला वार्ड 18 बनाया गया है।

वहीं वार्ड में शामिल रहे खिरौली से थाना तक के हिस्सें को मिला वार्ड 17 बना दिया गया है। जबकि पहले के वार्ड चार व 14 को मिला वार्ड 19 बनाया गया है। वार्ड 21, 22, 30 समेत सभी वार्डों का सीमांकन बदला है। जिस कारण निवर्तमान पार्षद खासे परेशान है। बता दें कि वार्ड तीन के निवर्तमान पार्षद ब्रजेश पासवान नयें समीकरण के चलते इस बार चुनाव नहीं लड़ रहे है। जबकि वार्ड 18 से पुराने वार्ड 2 की पार्षद सुशीला देवी मैदान में डटी हुई है। वही समीकरण बदलने के बाद पुराने वार्ड एक के पार्षद भी मैदान में नजर नहीं आ रहे है।

हालांकि उससे पहले पार्षद रहे जरूर चुनाव लड़ रहे है। राजनीतिक प्रेक्षकों की मानें तो नयें सीमांकन के बाद पूर्व पार्षद सबसे अधिक परेशान है। वे परिसीमन को दोषपूर्ण भी बता रहे हैं। कई पार्षद तो अभी से ही परिसीमन का ठीकरा भी फोड़ते नजर आ रहे है। ऐसे में कोई आश्चर्य नहीं कि परिसीमन के फेर में कई निवर्तमान पार्षदों को चुनावी मैदान में मुंह की खानी पड़े।

### दिलचस्प हो गई है वार्ड नंबर 30 की लड़ाई

पहले के वार्ड 21 और 20 के कुछ हिस्सों को मिलाकर वार्ड 30 का गठन किया गया है। बता दें कि वार्ड 20 से नगर परिषद के सबसे युवा तथा चर्चित चेहरा चुनाव जीते थे जबकि वार्ड 21 से निवर्तमान चेयरमैन भागमनी देवी चुनाव जीतकर आई थीं। इस बार आरक्षण रोस्टर के चलते भागमनी देवी सीधे मुख्य पार्षद का चुनाव लड़ने से वंचित हो रही हैं। लिहाजा वे वार्ड 30 से पार्षद पद का चुनाव लड़ रही हैं। वही इसी वार्ड से सोनू राय की मां भी चुनावी मैदान में उतरी हैं। ऐसे में नये परिसीमन के बाद नगर परिषद के दो दिग्गजों की लड़ाई भी दिलचस्प हो सकती है। इसके अलावे भी कई ऐसे वार्ड है जहां पिछली बार के दो निवर्तमान पार्षद आमने सामने आए हैं।

## बगेन थाना क्षेत्र के भदवर गांव का मामला, घटना की जांच में जुटी पुलिस

# रात में खाना खाकर टहलने निकले दलित युवक की सिर पर वार कर हत्या

- नहर किनारे खून से लथपथ शव को देख ग्रामीणों ने दी पुलिस को सूचना
- भदवर अनुसूचित जाति बस्ती का रहनेवाला था मृतक बड़क मुसहर

**केटी न्यूज/ब्रह्मपुर**



शनिवार की सुबह बगेन थाना क्षेत्र के भदवर गांव के पास नहर किनारे एक युवक का खून से लथपथ शव मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई। मृतक की पहचान भदवर अनुसूचित जाति बस्ती के मिश्री लाल मुसहर के 40 वर्षीय पुत्र बड़क मुसहर के रूप में हुई है। वह शुक्रवार की रात ही घर से खाना खाकर टहलने के लिए निकला था। सुबह में उसका शव भदवर बरूहां नहर मार्ग के किनारे मिला है। आशंका जताई जा रही है। उसकी कही अन्यत्र हत्या कर शव को ठिकाने लगाने की नियत से यहा लाकर फेंका गया है। सुबह में शौच के लिए निकले युवकों ने नहर किनारे खून से लथपथ शव को देख स्थानीय पुलिस को इसकी सूचना दी।

घटना की जानकारी मिलते ही बगेन पुलिस मौके पर पहुंच शव को कब्जें में लो पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया हैं। वही पुलिस इस हत्याकांड के उद्भेदन में जुट गई है। परिजनों ने किसी से अदावत होने की जानकारी नहीं दी है। डुमरांव एसडीपीओ अफाक अंसारी भी बगेन पहुंच इस हत्याकांड की जांच शुरू कर दिए हैं। पुलिस सूत्रों की मानें तो जल्द ही इस मामले का उद्भेदन कर लिया जाएगा। वही युवक की हत्या के बाद भदवर के अनुसूचित जाति बस्ती में कोहराम मच गया है। मृतक के भतीजा सुखारी मुसहर की मानें तो उसका किसी से कोई दुश्मनी नहीं थी। जिस कारण उसकी हत्या आस पास के लोगों के लिए पहेली बन गई है। मिली जानकारी के अनुसार युवक के सर के पिछले हिस्सें में किसी धारदार हथियार से वार किया गया है। जिस कारण उसकी मौत हुई है। हालांकि शरीर के कई अन्य हिस्सों में भी चोट के निशान मिले हैं। जिससे यह साबित होता है कि हत्यारों ने नृशंस तरीके से उसकी हत्या की है।

**पूरी रात खोजने के बाद भी नहीं मिली जानकारी:** भदवर अनुसूचित जाति बस्ती के मिश्रीलाल मुसहर का पुत्र बड़क मुसहर शुक्रवार की रात खाना खाकर घरवालों से टहलने के लिए बोल निकला था। जब वह घंटो बाद नहीं आया तो घरवालों ने उसकी खोजबीन शुरू की। लेकिन पूरी रात खोजने के बाद भी उसका कुछ पता नहीं चला। सुबह में जब गांव के कुछ युवक नहर की तरफ गए तो उसका शव नहर किनारे देख शोच मचाने लगे। उनकी आवाज सुन वहा दर्जनों लोगों की भीड़ इकट्ठा हो गई। किसी ने इसकी सूचना पुलिस को भी दे दी। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जें में लिया।

**मौत से उठ रहे हैं कई सवाल:** बड़क मुसहर की मौत के बाद कई सवाल उठ रहे है। पहला और बड़ा सवाल तो यह है कि वह रात से ही गायब था, लेकिन घरवालों ने रात में पुलिस को इतला क्यों नहीं की। दूसरा जब उसका किसी से कोई दुश्मनी नहीं थी तो उसकी हत्या क्यों की गई। इसके अलावे भी कई ऐसे सवाल है जो लोगों के जेहन में उठ रहे है। बता दें कि भदवर का इलाका नक्सल प्रभावित भी रहा है तथा इस इलाके में शराब तथा मादक पदार्थों के तस्कर तथा शौकीनों की भी कमी नहीं है। ऐसे में नशे के विवाद में भी इस हत्याकांड से इंकार नहीं किया जा सकता है।

**क्या कहते हैं एसडीपीओ:** घटना की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंच सूक्ष्मता से जांच पड़ताल किया गया। परिजनों से भी पूछताछ कर घटना की जानकारी ली गई है। जल्दी ही इस मामले का उद्भेदन कर लिया जाएगा।

**अफाक अंसारी, एसडीपीओ, डुमरांव**

## एक नजर

### नप चुनाव: नियम के अनुरूप फार्म नहीं पाए जाने पर दो प्रत्याशियों का आवेदन रद्द



**डुमरांव।** डुमरांव नप चुनाव के तहत पिछले तीन दिनों से चल रही स्कूटनी का कार्य संपन्न हो गया। जिसमें 2 उम्मीदवारों का फार्म नियम के अनुरूप नहीं पाए जाने पर उनका आवेदन रद्द कर दिया गया है। डुमरांव एसडीएम सह निवार्ची पदाधिकारी कुमार पंकज ने बताया कि स्कूटनी के दौरान पुरी तरीके से पार्दशीता से कार्य किया गया। मख्य पार्षद के लिए कुल 17 लोगों ने आवेदन किया था। जो सभी वैध पाए गए हैं। वहीं उप मुख्य पार्षद के लिए 19 प्रत्याशियों ने आवेदन किया था। जिसमें सभी की जांच की गई सभी के कागजात पूर्ण थे। वहीं वार्ड पार्षद के लिए 251 प्रत्याशियों ने नमांकन किया थां जिसमें 2 अवैध पाए गए है। इस तरह से 249 आवेदन वैध पाए गए है। जिन दो प्रत्याशी का नमांकन वैध पाया गया। उसमें वार्ड 25 से उम्मीद्वार थे खुशी चंद जो दो साल के अपराधिक मामले में सजा कोर्ट से हो चुकी है। नप चुनाव गाइड लाइन के अनुसानर छह माह के कोर्ट से दोषी पाए जाने वाले प्रत्याशी भी चुनाव नही लड़ सकते है। वहीं दुसरी उम्मीद्वारा वार्ड 35 से चिन्ता देवी थीं। जो चुनाव आयोग द्वारा जारी गाइड लाइन को पुरा नही कर सकीं। जिसके कारण उन्हें अवैध घोषित किया गया है। अगले तीन दिन नमांकन वापसी होगी। उसके बाद ही तय हो पाएगा कि कितने उम्मीद्वार मैदान में बचे हैं।

### राज्य निर्वाचन आयोग ने आदर्श आचार संहिता का कड़ाई से पालन का दिया निर्देश

**डुमरांव।** राज्य निर्वाचन आयोग ने नगर पर्षद चुनाव को लेकर आदर्श आचार संहिता का कड़ाई से अनुपालन कराने का निर्देश दिया है। निर्वाचन आयोग ने आचार संहिता के साथ कई पाबंदियां लगायी है। चुनाव लड़ रहे प्रत्याशी की आचार संहिता के दौरान थोड़ी सी भी लापरवाही उनके सपनों को तबाह कर सकती है। वोटरों को लुभाने या वोट के लिए पैसा बांटना आचार संहिता का उल्लंघन माना जायेगा और उम्मीद्वारी रद्द हो सकती है। इस बार आयोग चुनाव में आने वाले प्रत्याशियों के खर्च पर भी पैनी नजर रखेगी। चुनाव में उतरने वाले प्रत्याशी अपने समर्थकों के ऊपर चाय-समोसे से आवभगत करते है तो उनका भी लेखा-जोखा रखना होगा। प्रत्याशियों के एक-एक रुपये के चुनावी खर्च की जांच निर्वाचन आयोग करेगा। इसके लिए अलग से निर्वाचन शाखा का गठन किया जायेगा। निर्वाचन आयोग ने चेयरमैन, उप चेयरमैन तथा वार्ड पार्षद पद के लिए खर्च सीमा का ब्यौरा निर्धारित किया है। प्रत्याशी इसी सीमा के भीतर खर्च कर सकते है। चेयरमैन और उप चेयरमैन पद पर चुनाव लड़ने वाले प्रत्याशी अधिकतम सात लाख की राशि खर्च कर सकते है जबकि वार्ड पार्षद पद के प्रत्याशी 40 हजार रुपये तक खर्च करेंगे। निर्वाचन आयोग चुनाव प्रचार के दौरान प्रत्याशियों की चुनावी अभियान पर नजर रखेगी। वोटरों को डराने-धमकाने या प्रलोभन देने जैसे गतिविधियों पर नजर रखने का निर्देश दिया गया है।

### रालोजद के प्रदेश महासचिव बने अमरेन्द्र केवट, केसठ के अरबिंद को बनाया गया सचिव



**डुमरांव/केसठ।** राष्ट्रीय लोक जनता दल द्वारा प्रदेश पदाधिकारियों की सूची जारी की गई है। जिसमें डुमरांव अनुमंडल के टुड़ीगंज नोनियापुरा निवासी अमरेन्द्र केवट को प्रदेश महासचिव व केसठ निवासी अरबिंद कुमार कुशवाहा को प्रदेश सचिव मनोनीत किया गया है। दोनों नेताओं के इस मनोनयन से अनुमंडल के पार्टी कार्यकताओं में हर्ष की लहर दौड़ गई है। कार्यकताओं ने कहा कि इन दोनों नेताओं को प्रदेश पदाधिकारी बनाए जाने से रालोजद को मजबूती मिलेगी। वक्ताओं ने कहा कि दोनों काफी उजार्वान, संघर्षशील तथा पार्टी के निष्ठावान कार्यकर्ता है। वहीं प्रदेश महासचिव बने अमरेन्द्र केवट व सचिव बने अरबिंद कुशवाहा ने कहा कि पार्टी सुप्रीमों ने उनपर जो विश्वास जताया है उस पर खरा उतरने का प्रयास किया जाएगा।

### युवक ने शादी की पहली वर्षगांठ पर 54 विधवा व बुजुर्ग महिलाओं के बीच वितरण किया अंगवस्त्र



**केसठ।** वैसे तो शादी के वर्षगांठ पर उत्सव, पौधरोपण, भोज आदि का आयोजन कर मनाए जाने की परंपरा है। लेकिन प्रखंड के खरवानिया गांव निवासी समाजसेवी गोलू कुमार ने अपनी शादी की पहली वर्षगांठ पर मानवता की अनूठी मिसाल कायम की है। इस अवसर पर उन्होंने अपनी पत्नी के साथ मिल गांव की 54 विधवा तथा बुजुर्ग महिलाओं को निमंत्रण देकर न उनका केवल सम्मान किया बल्कि अंगवस्त्र देकर उनका चरणवंदना भी किया। नव दंपति के इस प्रयास ने विधवाओं तथा बुजुर्ग महिलाओं के चेहरे पर थोड़ी देर के लिए ही सही मुस्कान जरूर ला दिया। लोगों का कहना है कि गोलू कुमार अपने अनोखे कार्यों की वजह से हमेशा चर्चा में रहते हैं। उन्होंने शादी की पहली वर्षगांठ पर इस प्रकार के आयोजन कर लोगों के दिल में अपनी खास पहचान बनाई है।

# रेस्टोरेंट में शराब पीने से मना करने पर कर्मियों से मारपीट

- बक्सर के पहवा रेस्टोरेंट का मामला, संचालक ने तीन पर दर्ज कराया केस
- आरोपियों में एक जदयू नेता का बेटा भी शामिल

**केटी न्यूज/बक्सर**

बक्सर के पहवा रेस्टोरेंट में तीन युवकों द्वारा खाना खाने के दौरान शराब पीने की कोशिश की गई तथा रेस्टोरेंट कर्मियों द्वारा मना करने पर उनके साथ मारपीट भी किया गया तथा प्लेट व अन्य बर्तनों को तोड़ा गया। घटना देर रात की है। कर्मियों ने इसकी जानकारी रेस्टोरेंट संचालक राजा पहवा को दी तो उन्होंने नगर थाने को फोन कर घटना के बारे में बताया। हालांकि उनके तथा पुलिस के पहुंचने के पहले ही आरोपी भाग खड़े हुए थे। बाद में संचालक ने तीनों के खिलाफ नामजद एफआईआर दर्ज कराया है। आरोपियों में जदयू नेता का एक पुत्र भी शामिल है।

वारदात रेस्टोरेंट में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है। पुलिस सीसीटीवी कैमरे को खंगाल रही है। रेस्टोरेंट संचालक ने इस मामले में सत्यदेव गंज निवासी व जदयू नेता संजय सिंह के पुत्र सूर्यमान सिंह, शिवम पांडेय एवं अतुल जायसवाल के खिलाफ मामला दर्ज कराया है। दर्ज एफआईआर में संचालक ने आरोप लगाया है कि तीनों रेस्टोरेंट में जबरन शराब पीना चाह रहे थे तथा मना करने पर मारपीट व तोड़फोड़ किए है तथा गोली मारने की धमकी भी दिए हैं।

# नशे में धुत यात्री बस चालक ने दलसागर टोल प्लाजा के पास डिवाइडर में मारी टक्कर, दर्जनभर यात्री जख्मी

- दुर्घटना के समय तेज थी बस की रफ्तार शीशा तोड़ सड़क पर आ गिरा चालक
- दुर्घटना होने से बस के इंजन आयल का चैंबर फट गया और तेल बिखरने लगा

**केटी न्यूज/बक्सर**



औद्योगिक थाना क्षेत्र अंतर्गत एनएच 922 पर दलसागर टोल प्लाजा के पास एक तेज रफ्तार यात्री बस डिवाइडर से टकरा गई। इस दुर्घटना में चालक समेत बस में सवार एक दर्जन यात्री गंभीर रूप से जख्मी हो गए है। जिन्हें एनएचएआई के एंबुलेंस सेवा 1033 से तत्काल इलाज के लिए स्थानीय किसी निजी अस्पतालों में पहुंचाया गया है। अन्य यात्री दूसरे वाहनों से अपने गंतव्य को रवाना हुए। घटना शनिवार दोपहर 12.30 बजे की है। टक्कर इतना जबर्दस्त था कि बस का चालक शीशा तोड़ सड़क पर आ गिरा, जबकि बस के इंजन आयल का चैंबर फट गया दूर दूर तक तेल बिखर गया था। जानकारी के अनुसार शनिवार को बीरेन्द्र बस सर्विस की एक बस जिसका नंबर बीआर 03पीए0759 था, भोजपुर से बक्सर की तरफ जा रही थी। बस की स्पीड काफी अधिक थी। यात्रियों की मानें तो चालक नशे में धूत था तथा बस की स्पीड काफी अधिक थी। भरी दोपहरी होने के कारण अधिकांश यात्री झपकी ले रहे थे। इसी दौरान अचानक बस के डिवाइडर से टकराने से यात्री अनियंत्रित हो बस के अंदर ही गिरने लगे तथा सीट तथा लोहे के उपकरणों से टकरा जख्मी होने लगे। कई यात्री तो एक दूसरे पर गिर गए थे। हालांकि इस दुर्घटना के बाद टोल प्लाजा के कर्मियों ने तत्परता दिखाई तथा तत्काल 1033 पर फोन कर टोल प्लाजा के एंबुलेंस सेवा को मौके पर बुलवाया और यात्रियों को इलाज के लिए नजदीक के अस्पतालों में पहुंचवाया। हालांकि जख्मी यात्रियों की पहचान नहीं की जा सकी है।

इस दुर्घटना के बाद एनएच पर बेलगाम परिचालन के प्रति लोगों में गहरा आक्रोश है। लोगों का कहना है कि यदि बस की स्पीड कम होती तो इस दुर्घटना को रोका जा सकता है। टोल प्लाजा कर्मी मनोज कुमार ने इसकी पुष्टि करते हुए बताया कि दुर्घटना के वक्त बस की स्पीड बहुत अधिक थी। जिस कारण कई यात्रियों को गंभीर चोटें आई है। खुद बस का चालक भी शीशा तोड़ सड़क पर आ गिरा था। उसे भी चोटें आई है। हालांकि कोई यात्री हताहत नहीं हुआ है।

## बक्सर में आयोजित छह दिवसीय योग शिविर संपन्न, शिविर में बताए गए प्राणायाम व सुदर्शन क्रिया के तरीके

# तनाव से मुक्ति और जीवन में खुशहाली लाता है अध्यात्म व योग: जितेंद्र

- आर्ट ऑफ लिविंग के तहत बक्सर के मुसाफिरगंज में आयोजित हुआ शिविर
- योग गुरू श्री श्री रविशंकर जी के शिष्य व योग प्रशिक्षक जितेन्द्र पांडेय के नेतृत्व में लोगों ने सीखा योग

**केटी न्यूज/बक्सर**



आर्ट ऑफ लिविंग के तहत बक्सर के मुसाफिरगंज में आयोजित छह दिवसीय योग एवं आध्यात्म शिविर शनिवार को संपन्न हो गया। इस छह दिवसीय योग एवं आध्यात्म शिविर में लोगों को खुशहाल व तनाव रहित जिंदगी जीने की सीख दी गई तथा उन्हें स्वस्थ व निरोग रहने के लिए योग व प्राणायाम के विभिन्न आसनों का अभ्यास कराया गया। इस योग शिविर का आयोजन देश व दुनिया के चर्चित योग गुरू श्री श्री रविशंकर जी के शिष्य व योग प्रशिक्षक जितेन्द्र कुमार पांडेय के नेतृत्व में किया गया था। इस दौरान शामिल होने वाले लोगों को प्राणायाम व सुदर्शन क्रिया के अलावे कई महत्वपूर्ण आसनों का अभ्यास व उसके फायदें बताए गए। श्री पांडेय ने बताया कि सुदर्शन क्रिया श्वास पर नियंत्रण रख मन को शांत व प्रसन्न रखने की विधि है। जिसकी खोज श्री श्री रविशंकर ने 10 दिनों के अथक मौन व्रत के बाद वर्ष 1982 में किया था। शिविर में आर्ट ऑफ लिविंग के तहत योग, ध्यान, प्राणायाम व सुदर्शन क्रिया करने वाले लोगों में खुशी देखी गई।

योग प्रशिक्षक ने कहा कि योग व आध्यात्म तन मन को स्वस्थ रखने तथा तनावमुक्त करने का एकमात्र उपाय है। उन्होंने कहा कि खासकर मानसिक अशांति को दूर करने के लिए भारतीय मनीषियों की तपष्या से खोजा गया योग तथा प्रणायाम से बढ़कर दुनिया में कोई उपाय नहीं है। उन्होंने कहा कि गुरूजी दुनिया में मानसिक अशांति, तनाव तथा क्रोध को नियंत्रित कर शांत व सुखमय जीवन जीने की कला सिखाने के लिए प्रत्येक साल के छह महीने यात्रा करते है तथा वे हर साल करीब 40 देशों में जाकर लोगों को तनाव रहित जीवन जीने की कला सिखाते है। दूसरी तरफ योग शिविर में नियमित रूप से शामिल होने वाले दर्जनों लोगों ने इसकी मुक्तकंठ सराहना की तथा कहा कि वर्तमान समय में जब लोगों में मानसिक अवसाद चरम पर पहुंच गया है, ऐसे में प्राचीन भारतीय योग व प्राणायाम इससे उबरने का सबसे आसान व बढ़िया माध्यम है। लोगों ने इसका प्रचार प्रसार करने का संकल्प भी लिया।

## खबरें फटाफट

### नहाते समय डूबे युवकों का शव मिलने से मचा कोहराम



**सिकन्दरपुर।** घाघरा नदी के डूहा-बिहरा घाट पर शुक्रवार को नहाते समय डूबे दो युवकों का शव शनिवार को मिलते ही कोहराम मच गया। परिजनों व रिश्तेदारों की करूण-क्रंदन व चीत्कार से हर किसी की आंखों का कोर भींग गया। इस हादसे से दोनों युवकों के गांव व रिश्तेदारी वाले गांव में शोक की लहर है। वहीं, सूचना पर थानाध्यक्ष दिनेश पाठक के नेतृत्व में पहुंची सिकन्दरपुर पुलिस ने शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। उभांव थाना क्षेत्र के राजपुर पलिया खास निवासी संतोष गोंड का 18 वर्षीय पुत्र मोहित तथा मऊ जनपद के मधुबन थाना क्षेत्र अंतर्गत कटघरा निवासी मोहन गोंड का 19 वर्षीय पुत्र धीरज सिकन्दरपुर थाना क्षेत्र के बिहरा गांव स्थित रिश्तेदारी में आए थे। शुक्रवार को अपरान्ह करीब तीन बजे दोनों युवक गांव के बगल में स्थित सरयू नदी के डूहा-बिहरा घाट पर नहाने चले गए। नहाते समय दोनों डूब गए।

दो युवकों के डूबने की सूचना मिलते ही रिश्तेदारी में अफरा-तफरी मच गयी। रिश्तेदारी के लोग घाट पर पहुंचे और नाव लेकर इधर-उधर खोजबीन में जुट गये। उधर, युवकों के गांव राजपुर खंदवा में हादसे की खबर पहुंची तो कोहराम मच गया। शनिवार की सुबह दोनों का शव घाट से करीब 200 मीटर दूर नदी में उतराया हुआ मिला। ग्रामीणों ने इसकी सूचना परिजनों को दी।

### फांसी लगाकर युवक ने कर ली खुदकुशी

**बैरिया।** बैरिया थाना क्षेत्र क्षेत्र के मधुबनी गांव निवासी गोलू साह (18) पुत्र रंग बहादुर साह शनिवार को अपने कमरे मे फांसी का फंदा बनाकर मौत को गले लगा लिया। कमरे में फंदे से बेटे का लटकता शव देख परिवार में कोहराम मच गया। सूचना पर घहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। घटना के पीछे तरह-तरह की चर्चा व्याप्त है। परिजनों की माने तो गोलू ने शनिवार दोपहर अपने कमरे में आत्महत्या कर ली। इस संदर्भ में बैरिया एसएचओ धर्मवीर सिंह ने बताया कि परिजनों की सूचना पर शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा जा रहा है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी। प्रथम द्दष्टया मामला संदिग्ध लग रहा है।

### 22 को एमपी-एमएलए कोर्ट में होगी अवधेश हत्याकांड की सुनवाई

**वाराणसी/गाजीपुर।** विशेष न्यायाधीश (एमपी-एलएलए) अवनीश गौतम की अदालत में शुक्रवार को बहुचर्चित अवधेश राय हत्याकांड के मामले में दोनों पक्षों की बहस पूरी हो गई। अब कोर्ट ने 22 मई को दोनों पक्षों की ओर से लिखित बहस की प्रति दाखिल करने के लिए तिथि निर्धारित की है। बहस के दौरान वीडियो कांफ्रेंसिग के जरिए बांदा जेल से माफिया मुख्तार अंसारी की पेशी हुई। कोर्ट में मुख्तार की पेशी होगी और अभियोजन पक्ष अपना जवाब दाखिल करेगा। बता दें कि 31 साल पुराने चर्चित अवधेश राय हत्याकांड का केस अब फैसले की ओर है। माफिया मुख्तार अंसारी के खिलाफ विचाराधीन मुकदमें में गवाही और साक्ष्य पूरे हो गए हैं। मुकदमें में जिरह और बहस के बाद विशेष जज फैसले की तारीख तय करेंगे। शुक्रवार को मामले की सुनवाई के दौरान वादी पूर्व विधायक अजय राय की ओर से वकील अनुज यादव और विकास सिंह के साथ ही बचाव पक्ष को अपनी बहस अदालत में दाखिल करनी थी। मुख्तार अंसारी की ओर से वरिष्ठ वकील श्रीनाथ त्रिपाठी की बहस पूरी हो गई।

# मंत्री स्वतंत्र देव सिंह ने विभिन्न क्षेत्रों का दौरा कर विभिन्न कार्यों का किया निरीक्षण

- जल जीवन मिशन, सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग से जुड़े विभिन्न कार्यों का किया स्थलीय निरीक्षण
- शासन स्तर से चलाई जा रही योजनाएं का लाभ जनपदवासियों को देने का दिया निर्देश

**केटी न्यूज/गाजीपुर**



मंत्री स्वतंत्र देव सिंह ने शनिवार को जनपद के विभिन्न क्षेत्रों का दौरा कर अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की। मंत्री ने जनपद में जल जीवन मिशन, सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग के अंतर्गत चलाई जा रही विभिन्न कार्यों का स्थलीय निरीक्षण किया एवं अधिकारियों संग बैठक कर आवश्यक निर्देश भी दिए। मंत्री ने निर्देश दिया कि शासन स्तर से जो भी योजनाएं संचालित हुई हैं या हो रही है उसका लाभ जनपदवासियों को मिले।

उन्होंने विभागों द्वारा संचालित` निमाणाधीन परियोजनाओं का मानक के अनुरूप गुणवत्तापूर्ण कार्य कराने का निर्देश दिया। शनिवार को सिंचाई एवं जल संसाधन, बाढ़ नियंत्रण, परती भूमि विकास, लघु सिंचाई, नमामि गंगे एवं ग्रामीण जलापूर्ति विभाग के मंत्री उत्तर प्रदेश स्वतंत्र देव सिंह ने जनपद के ग्राम पंचायत रहीमपुर उर्फ मुस्लिमपुर विकास खंड देवकली में जल जीवन मिशन योजनान्तर्गत कराए जा रहे कार्यो का निरीक्षण किया तथा ग्रामवासियों से जल जीवन मिशन के तहत हो रहे कार्यो का हाल जाना।

मंत्री ने जल जीवन मिशन के अन्तर्गत लाभार्थियों/प्रशिक्षित किए गए व्यक्तियों एवं मुख्यमंत्री योजनान्तर्गत उथले, मध्यम, गहरे, नलकूप योजना से लाभान्वित किसानों के साथ संवाद स्थापित कर जल संचयन के क्षेत्र में कार्यरत प्रमुख व्यक्तियों के साथ चर्चा भी की। तत्पश्चात मंत्री ने ग्राम पंचायत सरवर नगर विकास खंड देवकली पहुंचे वहां उन्होंने जल जीवन मिशन योजना के तहत चल रहे कार्यों का निरीक्षण किया एवं सिंचाई योजनाओं से लाभान्वित हो रहे किसानों/ग्रामवासियों के साथ चर्चा कर भारत सरकार एवं उत्तर प्रदेश सरकार के जन कल्याणकारी योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी। तत्पश्चात मंत्री ने निरीक्षण गृह, लोक निर्माण विभाग गाजीपुर पहुंचकर सिंचाई एव जल संसाधन, सिंचाई यांत्रिक, बाढ़ नियंत्रण, परती भूमि विकास, यूपी प्रोजेक्ट्स कार्पोरेशन लि0, लघु सिंचाई, भूगर्भ जल विभाग, नमामि गंगे एवं जल जीवन मिशन के अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक ली एवं आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने सिंचाई विभाग के अधिकारियों को किसानों की सुविधा के लिए नहरों की साफ-सफाई कराते हुए टेल तक पानी पहुंचाने का निर्देश दिया। कार्य में लापरवाही पर सम्बन्धित अधिकारी जिम्मेदार होंगे तथा कार्रवाई तय है। उन्होंने कहा कि जल जीवन मिशन शासन की प्राथमिकता की योजना है। इस योजना के अन्तर्गत प्रत्येक घरों तक नलों के माध्यम से शुद्ध पेयजल आपूर्ति सुनिश्चित की जाए।

## बलिया में आए 98 मामलों में 6 का हुआ निस्तारण, सैदपुर में 185 मामलों में से 11 का निपटारा

# संपूर्ण समाधान दिवस पर डीएम-एसपी ने लगाया दरबार, लोगों की सुनीं शिकायतें

- शिकायतों के त्वरित निस्तारण का डीएम-एसपी ने दिया निर्देश

**केटी न्यूज/बलिया**

शनिवार को जिलाधिकारी रवींद्र कुमार ने सिकंदरपुर तहसील में संपूर्ण समाधान दिवस को देखा। जिलाधिकारी के सामने भूमि विवाद ,पानी ,सड़क ,स्वास्थ्य और राशन कार्ड से संबंधित शिकायतें आईं। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित करते हुए मामलों का जल्द से जल्द निस्तारण करने का निर्देश दिया। जिलाधिकारी ने सभी जनपद स्तरीय अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि वह अपने विभाग से संबंधित सभी मामलों को जल्द से जल्द निस्तारित करें जिससे कि आम जनता को राहत मिल सके। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि राजस्व के मामले में पुलिस और राजस्व की टीम मौका मुआयना करके मामले का निस्तारण करें। निस्तारण के दौरान दोनों पक्षों की बातें अवश्य सुनी जाएं। पुलिस अधीक्षक राजकरण नैय्यर ने लोगों की सुरक्षा संबंधित शिकायतें सुनी और उसे संबंधित थाने के थानेदार को निर्देशित करते हुए मामले को समय अंतर्गत निस्तारित करने का निर्देश दिया। तहसील दिवस के दिन कुल 98 मामले आए जिनमें से 6 का मौके पर निस्तारण किया गया। इस अवसर पर जिलाधिकारी के अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सहित जनपद स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।



### स्थलीय निरीक्षण कर शिकायतों का निस्तारण करें : डीएम

**गाजीपुर।** जन समस्याओं के त्वरित निस्तारण के लिए संपूर्ण समाधान दिवस तहसील सैदपुर में डीएम आर्यका अखौरी एवं एसपी ओमवीर सिंह की अध्यक्षता में सम्पन्न हुआ। जिसमें 185 शिकायत/प्रार्थना प्राप्त हुए और मौके पर 11 का निस्तारण किया गया। जनसमस्याओं के त्वरित निस्तारण के लिए सातों तहसीलों की सूचना के मुताबिक सम्पूर्ण समाधान दिवस में कुल 590 शिकायत/प्रार्थना प्राप्त हुए। जिसमें मौके पर 34 शिकायत/प्रार्थना पत्रों का निस्तारण किया गया।

इसी क्रम में तहसील कासिमाबाद में उपजिलाधिकारी की अध्यक्षता में 60 शिकायत/प्रार्थना प्राप्त हुए जिसमें तीन का मौके पर निस्तारण किया। तहसील जमानियॉ में उपजिलाधिकारी की अध्यक्षता में 53 शिकायत/प्रार्थना प्राप्त हुए जिसमें से चार का मौके पर निस्तारण किया गया। सदर तहसील में अपर जिलाधिकारी वि0/रा0 एवं उपजिलाधिकारी की अध्यक्षता में 54 शिकायत/प्रार्थना प्राप्त हुए जिसमें मौके चार का निस्तारण किया गया। तहसील मुहमम्दाबाद में उपजिलाधिकारी की अध्यक्षता में 50 शिकायत/प्रार्थना प्राप्त हुए जिसमें से तीन का मौके पर निस्तारण किया गया। तहसील सेवराई में उपजिलाधिकारी की अध्यक्षता में 60 शिकायत/प्रार्थना प्राप्त हुए जिसमें से मौके पर पांच का निस्तारण किया गया एवं तहसील जखनियां में उपजिलाधिकारी की अध्यक्षता में 128 शिकायत/प्रार्थना प्राप्त कर चार का मौके पर निस्तारण किया गया। जिलाधिकारी ने सम्पूर्ण समाधान दिवस में प्राप्त शिकायत/प्रार्थना पत्रो का सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देश दिया कि अविलम्ब मौके पर जाकर स्थलीय निरीक्षण करते हुए निस्तारण कराई जाए। उन्होंने सार्वजनिक भूमि, तालाब, सरकारी भूमि, ग्राम समाज के भूमि पर अवैध अतिक्रमण को एक अभियान चलाकर अतिक्रमण मुक्त कराने का निर्देश दिया। उन्होंने आईजीआरएस पोर्टल पर प्राप्त शिकायतों को आगामी तीन दिवस में शत- प्रतिशत निस्तारण करने का निर्देश दिया।

### मऊ में आए 78 शिकायतों में 6 का हुआ निस्तारण

**मऊ।** जनपद के सभी तहसीलों में आज संपूर्ण समाधान दिवस/तहसील दिवस का आयोजन किया गया। जिला अधिकारी अरुण कुमार के नेतृत्व में आज जनपद के घोसी तहसील में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन हुआ। तहसील घोसी में आयोजित तहसील दिवस पर कुल 78 शिकायत प्राप्त हुई, जिनमें सर्वाधिक 63 मामले राजस्व एवं 11 मामले पुलिस विभाग से संबंधित थे। इनमें से 6 शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण करा दिया गया।

## शाहपुर प्राथमिक विद्यालय की कक्षा में मिला कंडोम का कार्टून

**केटी न्यूज/गड़वार**

शिक्षा क्षेत्र गड़वार के शाहपुर प्राथमिक विद्यालय के कक्षा में कंडोम का कार्टून पाया गया। विद्यालय में इस तरह किताब की जगह कंडोम का कार्टून मिलने से हड़कंप की स्थिति है। वहीं इस संबंध में जब प्रभारी प्रधानाध्यापक पुनीत कुमार से बात की गई तो वे भड़क उठे तथा पत्रकार को धमकी देने लगे। मामला को लेकर चचाओं का बाजार गर्म है, आखिर विद्या के मंदिर में ये सब क्या हो रहा है।

गड़वार के शाहपुर गांव में प्राथमिक विद्यालय संचालित है, जहां शनिवार को कंडोम का कार्टून मिला। सवाल के जवाब में प्रभारी प्रधानाध्यापक ने बताया कि 15 रोज पहले विद्यालय में मेडिकल कैंप



लगा था, उस समय से यह यहां पर रखा गया है। इस पर जब उनसे कहा गया कि जब 15 दिन पहले कंडोम का कार्टून यहां रखा गया था तो अभी तक आपके द्वारा स्वास्थ्य विभाग को यह चीज बोलकर वापस क्यों नहीं कराया गया। इस पर प्रधानाध्यापक ने जवाब दिया कि यह रूम हमेशा बंद रहता है, यहां पढ़ाई नहीं होती है। यह गलत है या सही, के सवाल पर प्रभारी प्रधानाध्यापक भड़क गए।

## ...और खुले नाले में जा गिरे बाइक सवार तीन लोग

**केटी न्यूज/बलिया**

नपा की लापरवाही का शिकार शुक्रवार को देरशाम एक बाइक सवार हो गया। बिहार के सिमरी थाना क्षेत्र का एक युवक परिवार की दो महिलाओं को लेकर बाइक से शहर में एक निमंत्रण में शामिल होने आया था। इस दौरान लोक निर्माण विभाग कार्यालय के सामने और एक होटल के समीप उसकी बाइक असंतुलित होकर खुले नाले में जा गिरी। इस घटना में बाइक पर सवार युवक और महिलाओं को चोटें भी आईं। जबकि नाले से बाइक निकालने में उसे घंटों मशक्कत करनी पड़ी।

यह घटना तो नपा की लापरवाही की महज बानगी भर है। शहर में नालों के खुला होने से इस तरह की घटनाएं अब आम हो चली हैं। इसके बावजूद नपा के जिम्मेदार बेपरवाह बने हुए हैं। बलिया नगर पालिका प्रशासन द्वारा शहरी क्षेत्र के अधिकांश नालों को नहीं ढका गया है। इतना ही नहीं नाला खुला होने के कारण गंदे पानी में मच्छरों का प्रजनन भी तेजी से हो रहा है, जिससे संक्रामक बीमारियों के पनपने का भय बढ़ गया है। पालिका ने कुछ चुनिंदा नालियों को ढकने का इंतजाम किया है। बाकी वैसे ही खुले होकर हादसों को भी दावत दे रहे हैं।

**इन स्थानों पर खुले हैं नाले, अक्सर होते है हादसे:** शहर के सतीश चंद्र कॉलेज चौराहा पर एनएच 31 के दोनों तरफ नाला खुला होने से आए दिन हादसे होते रहते



हैं। एनएच 31 के समीप होने के कारण पर गाड़ियों के आवागमन के दौरान हमेशा दुर्घटना का खतरा बना रहता है। इसके अलावा इन नालियों में बच्चों के गिरने की आशंका रहती है। इसके अलावा चित्तू पांडेय चौराहा, टीडी कॉलेज चौराहा, जिलाधिकारी आवास, एसपी कार्यालय, कुंवर सिंह चौराहा से लेकर एनसीसी तिराहा तक, जगदीशपुर तिराहा समेत नगर के अन्य स्थानों पर खुले नाले हादसे को दावत दे रहे हैं।

**क्या बोले ईओ :** नगर पालिका के ईओ सत्य प्रकाश सिंह ने कहा कि सफाई कार्य के दौरान नालों का ढ़क्कन हटाया जाता है और ढ़क दिया जाता है। अगर कहीं सफाई कर्मियों द्वारा नाले पर ढ़क्कन नहीं लगयाय गया है तो उसे शीघ्र ही ढंक दिया जाएगा।

## गाजीपुर डीएम ने निर्माण कार्य, क्रिटिकल गैप्स, 50 लाख से अधिक लागत के कार्यों की समीक्षा की

# योजना से जुड़े कार्य मानक के अनुरूप तय समय में पूरा करें: डीएम

**केटी न्यूज/गाजीपुर**

जिलाधिकारी आर्यका अखौरी की अध्यक्षता में निर्माण कार्य, क्रिटिकल गैप्स, 50 लाख से अधिकारी लागत एवं मुख्यमंत्री की घोषणा की समीक्षा बैठक रायफल क्लब सभागार में हुई। इसमें जल निगम ग्रामीण/शहरी, सीएनडीएफ, आवास विकास परिषद, लोनिवि, आरईडी, यूपी सिडको, यूपी पीसीएल वाराणसी , देवकली पंप कैनाल प्रथम, द्वितीय, सिंचाई निर्माण खंड एवं अन्य कार्रवाई संस्थाओं के निर्माण कार्यों की समीक्षा की।



जिलाधिकारी ने कार्यदायी संस्थाओं से निर्धारित अवधि मे कार्य पूर्ण न करने वाले कार्यदायी संस्थाओं को फटकार लगाते हुए कार्य में तेजी लाने का निर्देश दिया। जिलाधिकारी ने कार्यदायी संस्थाओं को निर्माण कार्य में मानक के अनुरूप एवं गुणवत्तापुर्ण कार्य कराने तथा अधूरे कार्य जो धनाभाव के कारण रूके हैं की जानकारी लेते हुए पत्राचार करने का निर्देश दिया। जिलाधिकारी ने धनावंटन के बाद भी कम प्रगति वाले कार्यो पर नाराजगी व्यक्त करते हुए निर्माण एजेंसी के अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि कार्यो को गुणवत्तापूर्ण एवं मानक के अनुसार निर्धारित समय के अंदर पूरा करने की कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। उन्होंने स्पष्ट किया कि निर्माण कार्यो में किसी भी स्तर पर लापरवाही को बहुत ही गंभीरता से लिया जाएगा और संबंधित विभाग के अधिकारी उसके लिए पूर्ण रूप से जिम्मेदार होंगे।

### डीएम ने 82 छात्राओं को टैबलेट वितरण किया

**गाजीपुर।** मुख्यमंत्री की महत्वाकांक्षी योजना के तहत अध्ययनरत छात्राओं के तकनीकी सशक्तिकरण के लिए टैबलेट वितरण कार्यक्रम जनपद के महाविद्यालयों, आईटीआई, पॉलीटेक्निक संस्थानों आदि में चलाए जा रहे हैं। इस क्रम में महन्त पवहारी श्रीबाल कृष्ण यति कन्या महाविद्यालय हथियाराम गाजीपुर में जिलाधिकारी आर्यका अखौरी ने एमए की छात्राओं के बीच 82 टैबलेट वितरित किया।

## एक नजर

### न विधाता को रहम आया और न सिस्टम ने तरस खाया, बच्चे का इलाज के लिए ठोकर खा रहा पिता



**बलिया।** धन के अभाव मे जनपद बलिया के बांसडीह थाना क्षेत्र अंतर्गत नारायणपुर गांव निवासी मदन राठौर आंख में बड़े फोड़े से पीड़ित अपने बेटे का इलाज नहीं करा पा रहा है। बड़ा आश्चर्यजनक विषय है की गोद में तड़पते बच्चे को देखकर मां बाप पर क्या बीतती होगी गंभीर बीमारी है पैसे का अभाव है बेटे को असहनीय पीड़ा झेलते हुए देखकर पूरा परिवार रोता है। लेकिन चाहकर भी बेटे को दर्द से छुटकारा नहीं दिला पा रहे है। पीड़ित परिवार पर किसी ने दया भी नही दिखाई और ना ही विधाता को रहम आया ना ही सिस्टम ने तरश खाया सहायता की उम्मीद लिए दर दर की ठोकर खाने के बाद बेटे को निराशा ही मिली है। अब इस परिवार को केवल भगवान पर ही उम्मीद बची है। वैसे तो अपने आप को समाजसेवी कहने वाले तमाम लोग हैं लेकिन इस पीड़ित परिवार के तरफ शायद अभी तक किसी समाजसेवी का नजर नहीं गया है शायद इस पीड़ित परिवार के दर्द को देख हर किसी का कलेजा हिल जाएगा एक कार्यक्रम में पहुंचे योगी सरकार के मंत्री अनिल राजभर से पीड़ित परिवार ने गुहार लगाई है मंत्री जी ने तत्काल कुछ व्यवस्था तो नहीं किया लेकिन आश्वासन दिया है कि हम पूरी मदद करेंगे। आगे मंत्री अनिल राजभर ने कहा कि आप लोग अच्छे अस्पताल में इलाज कराइए पूरे खर्चा का एस्टीमेट बनाकर हमें दीजिए हम सरकार से पूरे खर्चा का वहन कराएंगे।

### 24 मई को महाराजा सुहेलदेव राजभर सम्मान समारोह का होगा आयोजन: अनिल राजभर

**बलिया।** आगामी 24 मई को नगरा स्थित जनता इंटर कालेज के खेल मैदान में महाराजा सुहेलदेव राजभर सम्मान समारोह का आयोजन किया गया है। इसमें समाज के लोगों के साथ-साथ तमाम अन्य समाज के लोग भी इस कार्यक्रम में शिरकत करेंगे। ये बातें उप्र सरकार के मंत्री अनिल राजभर शनिवार को पीडब्लूडी डाक बंगला में कार्यक्रम के संदर्भ में प्रेसवार्ता के दौरान कही। इस दौरान उन्होंने देश के प्रधानतंत्री नरेंद्र मोदी का धन्यवाद ज्ञापित करते हुए कहा कि भाजपा सरकार ने जो सम्मान महाराजा सुहेलदेव को दिया है, वह सम्मान आज तक कोई नहीं दे पाए। कहा कि प्रदेश की राजधानी लखनऊ में महाराजा सुहेलदेव की मूर्ति लगाने का काम भाजपा सरकार में ही हुआ है। एक सवाल के जवाब में उन्होंने कहा कि सुभासपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष ओमप्रकाश राजभर कंफ्यूज नेता है। जिस विदेशी आक्रांता के साथ हमारे महाराज लोहा लेने का काम किया, उसी आक्रांता के समर्थक ओवैसी के साथ ओमप्रकाश राजभर चादरपोशी करने का काम करते हैं। कहा कि ओमप्रकाश राजभर की मंशा समाज के लोग अब जान गए हैं और उन्हें अब पसंद नहीं कर रहे हैं। मंत्री जी ने कहा कि भाजपा सरकार में ही सभी ?का विकास संभव है। कहा कि आगामी 24 मई को नगरा जनता इंटर कालेज के प्रांगण में आयोजित महाराजा सुहेलदेव राजभर सम्मान समारोह का आयोजन ऐतिहासिक होगा। इस मौके पर जिलाध्यक्ष जयप्रकाश साहू, मीडिया प्रभारी जुगनू सिंह, देवब्रत दूवे, अशोक राजभर, मुन्ना राजभर आदि लोग उपस्थित रहे।

### बलिया जिले के 129 हज यात्री आज मक्का मदीना के लिए भरेंगे उड़ान



**बलिया।** अल्पसंख्यक कल्याण मंत्री दानिश आजाद अंसारी शनिवार को गुदरी बाजार स्थित बड़ी मस्जिद में हज यात्रियों के साथ बैठक की। उन्होंने कहा कि 21 मई को 129 यात्री लखनऊ से मक्का मदीना के लिए रवाना होंगे। उन्होंने कहा कि लखनऊ में हज हाउस बनाया गया है, जहां सबसे पहले हज यात्री इकट्ठा होंगे। करेंसी चेंज की भी व्यवस्था यहां की गई है। कहा कि सभी हज यात्रियों को टीका लगवाना अनिवार्य है। इस दौरान उन्होंने अल्प संख्यक कल्याण अधिकारी को निर्देश दिया कि जिनका भी भी अभी तक टीका नहीं लगा, उन्हें तुरंत टीका लगवाया जाए। मंत्री दानिश आजाद अंसारी ने कहा कि हमारी भाजपा की सरकार पवित्र यात्रा पर जाने वाले हज यात्रियों को हर तरह की सहुलियत देने के प्रति कटिबद्ध है। मौके हज ट्रेनर हाजी मुमताज अहमद ने उन्हें बुके और मोमेंटो देकर उनका स्वागत किया। हाजियो की मदद के लिए अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा.विजय कुमार, हाजी डा.बदरुद्दीन अंसारी, अब्दुल अव्वल,मास्टर नसीरुद्दीन, हांफिज अजहर आदि शामिल रहे। सदारत मदरसे के प्रबंधक असगर साहब ने तथा आभार निजामुद्दीन अंसारी ने व्यक्त किया।

### जननायक चंद्रशेखर विश्वविद्यालय के राजनीति विज्ञान विभाग की ओर से युवा संसद का आयोजन

**बलिया।** जननायक चंद्रशेखर विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर संजीत कुमार गुप्ता के संरक्षण में राजनीति विज्ञान विभाग द्वारा विवि परिसर में युवा संसद का आयोजन किया गया। जिसमें विद्यार्थियों ने लोकसभा की संसदीय प्रणाली का अनुकरण करते हुए 'समान नागरिक संहिता' विषय पर बहस की। भारत सरकार के संसदीय कार्य मंत्रालय के निर्देश पर आयोजित इस कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने विभिन्न सांसदों की भूमिकाओं को निभाते हुए अपनी तर्कशक्ति और चिंतन प्रक्रिया का सफल परिचय दिया। सभापति की भूमिका वैभव द्विवेदी और उप सभापति की भूमिका प्रवीण यादव ने निभाई जबकि संसदीय नियमों की जानकारी अनीश सिंह ने दी।